This question paper contains 8+3 printed pages]

आपका अनुक्रमांक..................

850

**B.A. (Prog.)/II/III** **D**

HINDI LANGUAGE (C)—Paper II

हिंदी भाषा (ग)—प्रश्नपत्र II

(प्रवेश वर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए/NCWEB के विद्यार्थियों के लिये)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

*Note :—* प्रश्नपत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।

P.T.O.

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये : 8,8

(क) घुन-खाए शहतीरों पर की बाराखड़ी विधाता बाँचे

फटी भीत है, छत चूती है, आले पर बिसतुइया नाचे

बरसाकर बेबस बच्चों पर मिनट-मिनट में पाँच तमाचे

दुखरन मास्टर गढ़ते हैं किसी तरह आदम के साँचे

(1) उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों के रचयिता एवं रचना का नाम लिखिए।

(2) 'बाराखड़ी विधाता बाँचे' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(3) बच्चों को 'आदम के साँचे में गढ़ना' से क्या तात्पर्य है ?

(4) विद्यालय की स्थिति कैसी है ?

(ख) झपटता बाज,

फन उठाये साँप,

दो पैरों पर खड़ी

काँटों से नन्हीं पत्तियाँ खाती बकरी

दबे पाँव झाड़ियों में चलता चीता

डाल पर उलटा लटक

फल कुतरता तोता

या इन सबकी जगह

आदमी होता

(1) उपर्युक्त-काव्य पंक्तियाँ किस पाठ से ली गईं हैं तथा इसके रचनाकार कौन हैं ?

(2) पेट भरने का उपक्रम कैसे किया जा रहा है ?

(3) भूख और संघर्ष का सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए।

(4) पशु-पक्षी और आदमी में क्या अंतर है ?

(ग) ताजिये के दिन थे। मेरे गाँव में भी ताजिया बना था, यद्यपि एक भी मुसलमान वहाँ नहीं। एक बूढ़े मौलवी साहब बुलाये गये थे, जो उसके धार्मिक कृत्य कर लेते। हमें सरोकार था सिर्फ ताजिये के निकट हो-हल्ला मचाने से। शाम हुई, जल्द-जल्द खा-पीकर सब लोग एकत्र हुए। ताशे बज रहे, लकड़ी खेली जा रहीं, गदके भाँजे जा रहे, पट्‌टेबाजी हो रही। लाठियों के खेल, तरह-तरह के शारीरिक करतब। औरतें और बच्चे मर्सिया के नाम पर शोर मचा रहे। खेल-कूद में आधी-आधी रात बीत जाती।

(1) उपर्युक्त पंक्तियों के लेखक तथा पाठ का नाम लिखिए।

(2) मौलवी और ताजिये का सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए।

(3) ताजिये के दिन किस-किस प्रकार के खेल खेले जा रहे थे ?

(4) बूढ़े मौलवी साहब को बुलाने की आवश्यकता क्यों पड़ी ?

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 9

(क) स्कूली शिक्षा में प्रेम-पत्रों की भाषा पर लेखक के विचार स्पष्ट कीजिए।

(भाषा का प्रश्न : प्रेम-पत्रों के सन्दर्भ में)

(ख) पिंजड़े में चिड़ियाँ को किस-किस तरह की सुविधाएँ मिल रही हैं ?

(मुक्ति की आकांक्षा)

(ग) 'विज्ञान युग' में लेखक किस प्रकार की चेतावनी देते हैं ?

(विज्ञान युग)

(घ) हिटलर की तुलना रावण से किस प्रकार की गयी है ?

(बारसा की डायरी)

(ङ) 'स्त्रीषु हिंसा हिंसा न भवति' में लेखिका की पीड़ा को स्पष्ट कीजिये।

(स्त्रीषु हिंसा हिंसा न भवति)

3. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए : 12

(क) ब्रज भाषा

(ख) मानक हिंदी की विशेषताएँ

(ग) हिंदी की संवैधानिक स्थिति

(घ) राजभाषा तथा राष्ट्रभाषा का अंतर।

4. निम्नलिखित अपठित अनुच्छेद के आधार पर उसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

इसमें संदेह नहीं कि देश में विघटनकारी और विनाशकारी तत्वों को कठोरता से नहीं दबाया गया तो राष्ट्रीय एकता का पावन लक्ष्य कभी प्राप्त नहीं होगा तथा इसी प्रकार अराजकता एवं हिंसा का दौर चलता रहेगा। अतः प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है कि अपने संकीर्ण विचारों को त्याग कर अपने दृष्टिकोण को उदार, सहिष्णु और विस्तृत बनाये। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि विभिन्नता में एकता ही हमारे देश की पहचान है। इतने बड़े देश में कुछ सैद्धांतिक मतभेद होना स्वाभाविक है। प्राकृतिक विशेषताओं के कारण भी विभेद पाया जाता है, परन्तु हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सहिष्णुता और समन्वय की भावना हमारी संस्कृति का प्राण है।

(क) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

(ख) राष्ट्रीय एकता के लिए प्रत्येक भारतीय का क्या कर्तव्य है ? 2

(ग) हमारे देश में सैद्धांतिक मतभेदों तथा अन्य विभेदों के क्या कारण हैं ? 2

5. पासबुक खो जाने की सूचना देते हुए बैंक प्रबंधक को एक पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

डाकिये की शिकायत करते हुए डाकपाल को पत्र लिखिए।

6. (अ) किन्हीं **चार** मुहावरों/लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 4

(क) आँख का तारा

(ख) एक तो करेला, दूजे नीम चढ़ा

(ग) आम के आम गुठलियों के दाम

(घ) गड़े मुर्दे उखाड़ना

(ङ) फूला न समाना।

(च) आग बबूला होना।

(ब) किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 4

(क) उस विद्यालय की प्रधानाचार्य विद्वान हैं

(ख) स्त्रियाँ विलाप करके रोने लगीं

(ग) पिताजी की दिशा ठीक नहीं है उन्हें तेज बुखार है

(घ) वह लौट आए

(ड) गाय को रस्सी बाँधकर ले गए।

(च) खरगोश को काटकर सेब खिलाओ

7. (अ) किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए : 8

(क) टी.वी. धारावाहिकों में स्त्री की छवि

(ख) भारत पर पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव

(ग) कम्प्यूटर के लाभ और हानि।

(ब) चिकनगुनिया संबंधी सर्वेक्षण पर प्रतिवेदन लिखिए। 4

**अथवा**

अपने महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव पर प्रतिवेदन लिखिए।

8. (अ) कोश की परिभाषा देते हुए उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। 4

**अथवा**

समानांतर शब्दाकोश किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ब) हिंदी शब्दकोश में प्रविष्टि के अनुसार निम्न शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 4

(*i*) कक्षा

(*ii*) पल्लव

(*iii*) अंक

(*iv*) अवसर

(*v*) आँख

(*vi*) पंक

(*vii*) गदा

(*viii*) ताप।